POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 23.03.2026

1. थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 10,800 रूपये नगद बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **23.03.2026** को **थाना सूरजपुर पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से 01 अभियुक्ता अंगूर जान उर्फ सोनी पत्नी राजवीर सिंह चौहान को थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन पुल के पास सर्विस रोड़ से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्ता के कब्जे से चोरी के 10,800 रूपये नगद बरामद हुए है।

अभियुक्ता द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वर्ष 2025 में वैद्यजी फार्म, कस्बा सूरजपुर में चोरी की घटना के समय वह अपने पति के साथ मौके पर मौजूद थी जिसमें अभियुक्ता व उसके पति के हिस्से में 50 हजार रूपये आये थे। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर मु0अ0सं0- 453/25 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

अभियुक्ता का विवरण-- अंगूर जान उर्फ सोनी पत्नी राजवीर सिंह चौहान निवासी कस्बा व थाना ऊझानी, जनपद बंदायू वर्तमान पता सेक्टर-104, ग्राम हाजीपुर, थाना सेक्टर-39 गौतमबुद्धनगर उम्र 31 वर्ष।

बरामदगी का विवरण--

10,800 रूपये नगद

अभियोग का विवरण--

मु0अ0सं0 453/25 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।